## मऊगंज में राजस्व प्रकरणों का अंबार भटक रहे किसान और आम नागरिक

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 6 मई, जिले में जनसुनवाई से लेकर तहसील कार्यालय तक राजस्व प्रकरणों की स्थिति गंभीर होती जा रही है. महीनों ही नहीं बल्कि कई मामलों में वर्षों से फाइलें लंबित पड़ी हैं, जिसके चलते आम नागरिक और किसान लगातार परेशान हो रहे हैं.**

हालात यह हैं कि लोग आवेदन देकर केवल संतोष कर रहे हैं, लेकिन समाधान के नाम पर उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है. तहसील कार्यालयों में बड़ी संख्या में फाइलें डंप पड़ी हैं. जमीन संबंधी विवाद, नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे जैसे महत्वपूर्ण मामलों में देरी के कारण किसान आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से प्रभावित हो रहे हैं. बार-बार तहसील के चक्कर लगाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. स्थानीय नागरिकों और वरिष्ठ समाजसेवियों से चर्चा के दौरान एक बड़ा मुद्दा सामने आया.

तहसीलों में कई कर्मचारी वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं. लोगों का आरोप है कि इन कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी है और यही कारण है कि प्रकरणों का निपटारा समय पर नहीं हो पा रहा है. लम्बे समय से कुर्सी में जमे कर्मचारी पूरी तरह मनमानी पर उतारू है, लोगो की समस्या और शिकायतों पर ध्यान नही देते है. किसानों का कहना है कि वे अपनी मेहनत की कमाई खर्च कर बार-बार तहसील पहुंचते हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन मिलता है. इससे उनकी खेती-बाड़ी और दैनिक जीवन पर भी असर पड़ रहा है. जनता की मांग है कि राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए, कर्मचारियों का समय-समय पर स्थानांतरण हो और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाई जाए. यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह जनआक्रोश का बड़ा कारण बन सकता है. वरिष्ठ समाजसेवी अरुणा तिवारी ने आम नागरिक एवं किसानों की समस्या को लेकर उठाई आवाज.

# ग्रामीण अंचल में चल रहे कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : संजय

## सरकारी भवनों में अनिवार्य होगा वॉटर हार्वेस्टिंग, कलेक्टर ने ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 6 मई, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की.**

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण अंचल में चल रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पंचायतों में चल रहे पुराने और लंबित निर्माण कार्य पूरे कराएं. इन कार्यों को समय-समय पर मॉनिटरिंग कर तत्काल पूर्ण कराएं. इन्हें पूरा न करने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी. ग्रामीण विकास के कार्यों का लाभ जनता को तभी मिलेगा जब वे समय पर पूरे होंगे. कलेक्टर ने 'अमृत



सरोवर' योजना की प्रगति की भी जानकारी ली और शेष बचे सिविल कार्यों को शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए. वहीं धरती आबा अभियान के अंतर्गत पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को लेकर उन्होंने संवेदनशीलता दिखाई.

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटित आवासों के हितग्राहियों को दी जाने वाली किश्तें और राशि बिना किसी विलंब के उनके बैंक खातों में स्थानांतरित की जाए, ताकि आवास निर्माण की गति बाधित न हो. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि सभी आंगनवाड़ियों, सामुदायिक एवं पंचायत भवनों, शासकीय स्कूलों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रूफ-टॉप वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए. उन्होंने जल संरक्षण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कार्य भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए. बैठक में सभी जनपद सीईओ तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

### प्रगणकों को सही जानकारी देकर अपना दायित्व निभाएं

मऊगंज, कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि जब प्रगणक उनके घर आएं तो वह सही जानकारी देकर अपना दायित्व निभाएं. जनगणना के दौरान अधिकारी आपसे केवल सामान्य एवं आधारभूत जानकारी ही प्राप्त करेंगे, जैसे कि आपके मकान/भवन का प्रकार, परिवार में कुल सदस्यों की संख्या परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन इन जानकारियों का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा.

## हनुमना में दो माह से अधूरी पड़ी नाली बनी मुसीबत

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 मई, नगर परिषद हनुमना के वार्ड क्रमांक 12 सीधी रोड स्थित वृंदावन गार्डन ( बारात घर ) के सामने करीब 50 मीटर लंबी नाली की खुदाई दो माह पहले की गई थी, लेकिन आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है.**

अधूरी और खुली पड़ी इस नाली के कारण स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. यह क्षेत्र आवागमन की दृष्टि से काफी व्यस्त है, खासतौर पर वृंदावन गार्डन में आयोजित शादी-ब्याह और सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान यहां लोगों की भीड़ अधिक रहती है. ऐसे में खुली नाली किसी बड़े हादसे को न्योता देती नजर आ रही है. स्थानीय लोगों का कहना है किआम नागरिकों के गिरने की आशंका लगातार बनी रहती है.

# भाजपा की जीत पर पटाखे फोड़ बांटी मिठाईयां

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 मई, पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल असम में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने पाण्डिचेरी में एनडीए की सरकार बनने पर हनुमना नगर में पटाखे फोड़ जश्न मनाया.**

वहीं हनुमना के नगर आराध्य श्री हनुमान जी महाराज को एवं श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय स्थित दिव्य श्रीबैकुंठम में भी भगवान श्री बैकुंठनाथ का लड्डुओं का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया. प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ वरिष्ठ भाजपा नेता सरयूप्रसाद वैद्य ने कहा कि भारतीय राजनीति को नई दिशा देने वाले महान विचारक तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक देश प्राण श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा को आज सच्ची श्रद्धांजलि मिली है. श्री वैद्य ने समस्त देशवासियोंएवं पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं तथा नेताओं को भी बंगाल , असम व पाण्डिचेरी के प्रचंड जीत की हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएं दी हैं.



गुढ़ में विजयोत्सव मनाते भाजपा मंडल के पदाधिकारी-कार्यकर्ता

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी लोगों की शिकायतें

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 6 मई, मऊगंज में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजनता के 28 आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई.**

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. जनसुनवाई में ग्राम हरई प्रताप सिंह वार्ड क्रमांक तीन गड़हा टोला के निवासियों ने आम रास्ता खुलवाने के



लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए. इसी प्रकार नईगढ़ी निवासी अमृतलाल पटेल, मिसिरगवां निवासी मोतीलाल शुक्ल, ग्राम अमोखर सुनील कुमार पाण्डेय, हन्ना चौर निवासी रामलाल कोरी, ग्राम गौरी निवासी छोटेलाल लोनिया तथा नगर परिषद वार्ड क्रमांक आठ के निवासियों सहित अन्य व्यक्तियों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया. इसके अलावा खसरा सुधार, अतिक्रमण हटाने, नाली निर्माण कराने, खाद्यान्न न मिलने सहित अन्य कई शिकायते पहुंची.



जयस्तंभ चौराहे से छोटी पुल के बीच सड़क पर फैला कचरा

## तीन प्रदेशों में भाजपा की जीत पर गुढ़ में मनाया गया जश्न

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 6 मई, पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है.**

इस जीत को जनता के स्पष्ट जनादेश और पूर्व सरकारों के कुशासन, भ्रष्टाचार एवं तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ फैसला बताया जा रहा है. गुढ़ में सायं 4 बजे पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय के सामने भाजपा मंडल द्वारा भव्य विजयोत्सव मनाया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता ने किया. जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए. पूरे क्षेत्र में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला.

मंडल अध्यक्ष एड. गुप्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में वर्षों से अराजकता, भ्रष्टाचार, हिंसा और गुंडाराज चरम पर था. आम जनता भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर थी, जबकि सत्ता में बैठी सरकार केवल तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त रही. विजयोत्सव में भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूरचंद्र सोनी, राजबहोर कुशवाहा, महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, रामायण प्रसाद मिश्रा, कपिल पयासी, आलेश पयासी, बी.के. पाण्डेय, शुक्रमणी तिवारी, सरपंच विनय जायसवाल, राजेश शर्मा, बालेंद्र त्रिपाठी, पार्षद राम प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे.

# अब गुमनामी के गर्त में पहुंच रही हैं ग्राम रक्षा समितियां

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 6 मई, पुलिस की सहयोगी नागरिकों की एक संस्था ग्राम रक्षा समिति जो कभी अधिकारियों के मंशा से कभी सक्रिय हो जाती है तो कभी पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की इच्छा पर ग्राम रक्षा समिति निर्जीव बन जाती है.**

इस समय त्योंथर क्षेत्र में विशेष तौर पर मध्य प्रदेश की सीमावर्ती पुलिस थाना चाकघाट में ग्राम रक्षा समिति पूरी तरह से निष्क्री हो चुकी है. यही ग्राम रक्षा समिति कोरोना कल में लोगों की सुरक्षा एवं उनकी सहायता में जान की बाजी लगाकर अपनी सक्रिय भूमिका निभाई थी किंतु इस समय ग्राम रक्षा समिति पूरी तरह से गुमनामी के गर्त में चली जा रही है. ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों ने हमारे संवाददाता राम लखन गुप्त से चर्चा के दौरान बताया कि पहले तो थाने में बुलाकर इन सदस्यों के साथ है चर्चा की जाती रही तथा सामाजिक दायित्व के प्रति सचेत किया जाता रहा है लेकिन इस समय यह सब कार्य पूरी तरह से ठप्प हो गया है. मध्य प्रदेश सरकार की ग्राम रक्षा सहित योजना जहां एक और पुलिस और जनता के बीच एक सेतु का काम करती थी वहीं अपराधियों के गुप्त जानकारी एवं नशे के कारोबारी के विरुद्ध अभियान चलाने में पुलिस की सहायक बनी रहती थी. सूत्रों की माने तो मध्य प्रदेश में ग्राम रक्षा समिति का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अपराधों पर नियंत्रण पाना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है. यह पुलिस और जनता के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करती है. ग्राम रक्षा समिति योजना की मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती, संवेदनशील और ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मरक्षा की भावना पैदा करना और सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देना है. यह मध्य प्रदेश ग्राम तथा नगर रक्षा समिति अधिनियम, 1999 के तहत गठित की जाती है. इसमें स्थानीय वालंटियर शामिल होते हैं जो पुलिस को सूचना देने और कानून व्यवस्था में सहायता करते हैं. यह संगठन विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में 15 सदस्यों की समिति गठित की जा सकती है. सदस्यों को कानून- व्यवस्था, अपराध रोकथाम, गश्त का प्रशिक्षण दिया जाता है.

## महर्षि बाल्मीकि प्रोत्साहन योजना से उच्च शिक्षा के लिए मिल रही प्रोत्साहन राशि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 मई, अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं पास विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश लेने पर महर्षि बाल्मीकि प्रोत्साहन योजना से राशि दी जाती है.**

विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं से देश के बड़े शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने पर इसका लाभ मिलता है. अनुसूचित जाति के मध्यप्रदेश के मूल निवासी परिवारों के विद्यार्थी इसके लिए पात्र हैं. योजना का लाभ लेने के लिए परिवार की वार्षिक आय आठ लाख रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए. आईआईटी, एम्स, एमबीबीएस, बीडीएस में प्रवेश लेने पर 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है. नेशनल डिफेंस एकेडमी की प्रवेश परीक्षा में सफल होकर प्रशिक्षण में शामिल होने पर 50 हजार रुपए तथा क्लैट के माध्यम से एनएलआईयू में प्रवेश लेने पर भी 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है. जेईई के माध्यम से एनआईटी में प्रवेश लेने पर 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है.

## हन्नाचौर गांव में जल निगम की लापरवाही से ग्रामीण परेशान

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 6 मई, जिले के अंतर्गत आने वाले हन्नाचौर गांव में जल निगम विभाग की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. गांव में पाइप लाइन बिछाने के दौरान घरों के सामने नाला बनाकर अधूरा छोड़ दिया गया है. जिससे आसपास के घरों में जलभराव की स्थिति बनने लगी है.**

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है. घर से निकलना तक मुश्किल हो जाता है, वहीं नाले में जमा पानी से गंदगी और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है. स्थानीय निवासी रामलाल कोरी ने बताया कि समस्या को लेकर दो बार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन समाधान तो दूर, शिकायत को ही बंद करा दिया गया. ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम विभाग के ठेकेदार, वरिष्ठ अधिकारी और फील्ड कर्मचारी लगातार शिकायतों के बावजूद मौके पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. विभाग की इस अनदेखी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. आखिरकार परेशान होकर रामलाल कोरी ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी समस्या रखी और समाधान की गुहार लगाई. उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द नाले का समुचित निर्माण कराया जाए, ताकि गांव में जलभराव की समस्या से राहत मिल सके. अब देखना यह होगा कि कलेक्टर स्तर से इस गंभीर समस्या पर क्या कार्रवाई होती है और कब तक ग्रामीणों को इस परेशानी से निजात मिल पाती है.

## कृषि उपज मंडी हनुमना में खुले आसमान के नीचे रखी धान भींगी

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 मई, धान खरीदी केन्द्रों की हजारों क्विंटल धान खरीद कर नवीन कृषि उपज मंडी हनुमान में जहां खुले आसमान के नीचे महज तिरपाल ढककर रखी गई थी. लेकिन तेज आंधी बारिश के चलते हजारों क्विंटल धान भीग गई.**

कई लाटों के ट्रिपल विहीन होने के बावजूद तथा नीचे से भी पानी धान के अंदर घुसने की चिंता व परवाह किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को नहीं रही ना ही वहां पर कोई कर्मचारी या चपरासी ही देखने वाला था जिसने भी देखा उसके दिल की आह निकल गई की इतनी महंगी धन और आज इस भीषण बारिश में भीग रही है कोई इसे सुरक्षित करने वाला नहीं यही कारण है कि गत वर्ष विपणन सहकारी समिति हनुमना में भी भीषण बारिश के चलते कुछ धन भीग गई थी. उल्लेखनीय है कि हनुमना के नवीन कृषिउपज मंडी परिसर हजारों ट्रक धान खरीदी केदो का धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है वही बेमौसम हो रही बारिश जो की तकरीबन 10 दिनों के बीच कई बार थोड़ी बहुत बारिश हो चुकी है लेकिन आज की बारिश में तो हद कर दी जिसके चलते खुले आसमान तले रखी धान भीगती रही और जिम्मेदारों का कोई ठिकाना नहीं रहा.

स्थानीय नागरिकों एवं किसानों ने मऊगंज कलेक्टर संजय जैन का ध्यान आकृष्ट करते हुए ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उनसे नुकसान की भरपाई उनकी तनख्वाह से करने की मांग की है.

# ठेकेदार की लापरवाही ने ली एक मजदूर की जान

## सिरमौर सांदीपनि विद्यालय के नव निर्मित भवन का मामला

नवभारत न्यूज

**सिरमौर 6 मई। रीवा जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत का मामला सामने आया है। मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

फरियादी नुरुल हसन पिता अली हजरत, निवासी ग्राम बड़ी हर्दी थाना बैकुंठपुर जिला रीवा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनका बेटा मोहम्मद नकीम खान पिछले करीब तीन महीनों से गांव के शैलून खान के साथ सिरमौर स्थित सीएम राइज स्कूल में मजदूरी का काम कर रहा था।

बताया गया कि 5 मई 2026 की शाम करीब 3:45 बजे शैलून खान ने फोन कर सूचना दी कि काम के दौरान मोहम्मद नकीम खान के सिर पर लोहे की पाइप गिर गई है, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। घायल अवस्था में उसे तत्काल शासकीय अस्पताल सिरमौर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के पिता का आरोप है कि निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार राहुल नारा द्वारा मजदूरों को किसी प्रकार के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे। बिना हेलमेट और सुरक्षा सामग्री के मजदूरों से काम कराया जा रहा था। शिकायत में कहा गया है कि ठेकेदार को यह जानकारी थी कि बिना सुरक्षा इंतजाम के काम कराने से गंभीर हादसा हो सकता है, इसके बावजूद लापरवाही बरती गई।

पुलिस ने आवेदन के आधार पर आरोपी ठेकेदार राहुल नारा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125(ए), 125(बी) और 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। घटना के बाद मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# विधायक व ननि अध्यक्ष ने वार्ड-42 में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## तालाब, छठ घाट और मुक्तिधाम निर्माण पर 1.23 करोड़ की लागत होंगे खर्च

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 मई। नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा वार्ड क्रमांक 42 में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर तालाब एवं छठ घाट निर्माण कार्य लागत 85 लाख तथा मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल एवं शेड निर्माण कार्य लागत 38 लाख की आधारशिला रखी गई। कुल 1.23 करोड़ की लागत से होने वाले इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सुविधाएं मिलेंगी।**

भूमिपूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह उपस्थित



रहे और उन्होंने निर्माण कार्यों को क्षेत्र के विकास के लिए अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, पार्षद सीमा जायसवाल, पार्षद संतोष शाह, पार्षद रामनरेश शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने इन कार्यों के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इन विकास कार्यों से जहां एक ओर धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं मुक्तिधाम में बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध होने से लोगों को सुविधा होगी। नगर निगम ने भरोसा दिलाया है कि सिंगरौली के समग्र विकास के लिए ऐसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे.